# हर पल तेरा शुक्र करूं माँ

हर पल तेरा शुक्र करूं माँ बिन मांगे तूने सब है दिया
जब जब डोली जीवन नैया तुमने आकर थाम लिया

चादर छोटी पड़ने ना दी चाहे जितने पसारे पांव
जब भी जलाए धूप दुखों की करती हो ममता की छांव
होठों को मुस्कान सदा दी गम का जाम ना पीने दिया
जब जब डोली....

सुख दुख आते जाते रहेंगें चिन्ता मैं भला क्यूं करूं
सर पे मेरे सदा हाथ तुम्हारा फ़िर माँ किसी से मैं क्यूं डरूं
जग में सदा मेरी शान बढ़ाई सर मेरा झुकने ना दिया
जब जब डोली.....

करता रहूं गुणगान मां तेरा इतनी मां किरपा करना
ऊंचा ना बोलूं मैं किसी से बोली में मेरी रस भरना
छोड़ के दुनिया 'सेवक' ओ पी माँ से नाता जोड़ लिया
जब जब डोली जीवन नैया......

गायक: ओ पी सचदेवा 9810765637
लेखक :शाम सुंदर' सेवक' 9213972850

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19967/title/har-pal-tera-shukar-karu-maa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |